'साहित्यधारा' का आयोजन हुआ

अजमेर । अजयमेरु प्रेस क्लब की यह पहल बहुत सराहनीय है जो रचनाकारों को मंच प्रदान करने के लिए 'साहित्यधारा' गोष्ठी जैसे नियमित आयोजन को अनवरत जारी रखे हुए हैं।

नव-सृजनकर्ता व वरिष्ठ रचनाकार एक मंच पर एक साथ आते हैं, यह बहुत उत्तम बात है। यह बात महर्षि दयानंद विश्विद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ कैलाश चंद्र शर्मा ने कही। वह अजयमेरु प्रेस क्लब की मासिक साहित्य गोष्ठी 'साहित्यधारा' की सदारत कर रहे थे।

रविवार, 20 अप्रैल को हुए आयोजन में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नव-सृजनकारों को हौसला देते हैं और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर उन्होंने अपनी रचना 'करता हूँ बस ये दुआ' सहित अन्य गज़लें भी सुनाईं।

क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह सनकत ने डॉ शर्मा की टिप्पणी को ही उध्दृत करते हुए कहा कि इस नियमित गोष्ठी के संचालन के पीछे क्लब का उद्देश्य भी यही था कि छुपे हुए रचनाकार समाज के सामने लाये जा सकें। उन्हीं के अध्यक्षीय कार्यकाल में 2018 में इसे शुरू किया गया था। खुशी की बात है ।

कि इसकी निरंतरता बनी हुई है, उन्होंने कहा कि हमें उस दिन ज्यादा खुशी मिलेगी, जब किसी बड़े मंच पर साक्षात्कार के दौरान कोई रचनाकार यह कहेगा कि उसकी शुरुआत अजयमेरु प्रेस क्लब की साहित्यधारा से हुई।

'दिव्यांगों को आत्मविश्वास के साथ कौशल विकास पर ध्यान देना जरुरी'

अजमेर । राजस्थान महिला कल्याण मंडल, चाचियावास (अजमेर) परिसर में 'उड़ान – दिव्यांग युवाओं के सशक्तिकरण हेतु केंप' का भव्य आयोजन राजस्थान महिला कल्याण मण्डल, दोराई फाउंडेशन, चैन्नई एवं स्प्रेडिंग स्माइल के संयुक्त सहयोग से सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें विशिष्ट अतिथि डॉ. निष्ठा कृष्णा (राष्ट्रपति पुरस्कार

■ **'उड़ान-दिव्यांग युवाओं के सशक्तिकरण के लिए केंप' का सफल आयोजन**

दिव्यांग युवाओं के सशक्तिकरण के लिये केंप का भव्य आयोजन किया।

प्राप्तकर्ता), कृष्णा आनंद, डॉ. सुमित्रा प्रसाद, संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक एवं संस्था सचिव एवं मुख्य कार्यकारी क्षमा आर. कौशिक ने सहभागिता की। स्वागत के क्रम में अतिथियों को दिव्यांग युवाओं द्वारा बनाए गए गुलदस्ते भेंट किए गए, जिससे उनकी रचनात्मकता और स्वावलंबन की भावना उजागर हुई। संस्था सचिव एवं मुख्य कार्यकारी क्षमा आर कौशिक ने बताया की 'उड़ान' केंप का उद्देश्य दिव्यांग युवाओं को आत्मविश्वास, सम्मान और कौशल के साथ सशक्त बनाना है, जिससे वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें और एक गरिमामय जीवन जी सकें। कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों में प्रथम सत्र योग व ध्यान का आयोजन डॉ. सुमित्रा प्रसाद द्वारा किया गया, जिनमें दिव्यांग बच्चों एवं संस्थान के कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी की।

इन सत्रों ने प्रतिभागियों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनने की प्रेरणा दी। द्वितीय प्रशिक्षण सत्र में बच्चों ने अनुपयोगी वस्तुओं जैसे प्लास्टिक बोतलें एवं पुराने समाचार पत्रों से सुंदर सजावटी वस्तुएं बनाना सीखा। यह गतिविधि न केवल उनके कौशल विकास का माध्यम बनी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी अत्यंत सराहनीय रही।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आर.सी. यादव, उप अधीक्षक – जनाना अस्पताल, अजमेर रहे। उन्होंने मीनू स्कूल चाचियावास की छात्रा फातिमा बानो को दौराई फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त 'स्वयं सिद्ध पुरस्कार' से सम्मानित किया, जो उसकी निरंतर प्रगति एवं आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य कार्यक्रम ने सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया और खूब सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम में राकेश कुमार कौशिक, निदेशक एवं क्षमा आर. कौशिक, सचिव एवं मुख्य कार्यकारी – राजस्थान महिला कल्याण मंडल ने अतिथियों का स्वागत किया और इस आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी सहभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में उमनाथ मिश्रा, करुणा शर्मा, बरखा गेहलोत, मंजू शर्मा, भंवर सिंह गोड, विपुल कंवरिया एवं विवेक कुमार यादव का विशेष सहयोग रहा। संचालन की भूमिका प्रधानाध्यापक श्री ईश्वर शर्मा ने निभाई।

संदीप धाभाई लगातार पांचवीं बार अध्यक्ष निर्वाचित

अजमेर, (कासं)। हरिभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) विकास समिति के द्विवार्षिक चुनाव में एडवोकेट संदीप धाभाई ने लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज की है।

संदीप धाभाई के साथ उनका पूरा पैनल विजय रहा है, संदीप धाभाई ने 413 मतों में से 273 मत प्राप्त किए तथा 140 मतों से विजय प्राप्त कीत संदीप धाभाई ने निकटतम प्रतिद्वंदी सतविंदर सिंह को 140 वोट से पराजित किया। सतविंदर सिंह को महज 133 वोट ही मिले। उपाध्यक्ष के लिए दो पदों पर मतदान हुआ,इसमे चार प्रत्याशी थे, इसमें अजयपाल भाकर व निर्मला केवलरामानी विजय रहे ।

निर्मला केवलरामानी को 213 व अजयपाल भाकर को 209 मत प्राप्त हुए, उपाध्यक्ष के लिए चार प्रत्याशी थे, जिसमें से डॉ. प्रफुल्ल माथुर व शुभा शर्मा पराजित हुए, प्रफुल्ल माथुर को 174 मत मिले वही शुभा शर्मा को महज 143 मत पर ही संतोष करना पड़ा, इसी प्रकार सचिव पद के लिए जितेंद्र सिंह शेखावत व सुरेंद्र सिंह चुंडावत मैदान में थे, सुरेंद्र सिंह चुंडावत को 231 मत मिले वही जितेंद्र सिंह शेखावत को 174 मत मिले, इस प्रकार सुरेंद्र सिंह चुंडावत 57 मतों से विजय घोषित किए गए, सह सचिव के लिए अनिल तनेजा को 259 मत मिले, वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी हेमंत सिंह पवार को महज 153 मत ही मिले, अनिल तनेजा ने 96 वोट से जीत दर्ज की ।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.

क्रमांक: न.प.कि/PWC/BPAS-2331/2025/979 **आम सूचना** दिनांक: 21.04.2025

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि श्री लक्ष्मण सिंह पुत्र श्री नारायण सिंह राजस्व ग्राम किशनगढ़ बी, खसरा सं. 960, 961 के भूखण्ड सं. क्षेत्रफल 121.27 वर्गगज 'दीपक नगर'राजारेड्डी लिंक रोड मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान पर आवासीय निर्माण स्वीकृति चाहने हेतू आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है –

पूर्व में 31 फीट का रास्ता — पश्चिम में श्री महेश सैन का मकान

उत्तर में 15 फीट का रास्ता — दक्षिण में श्री मुकेश लेखरा का मकान

अत: उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रभारी
(भवन निर्माण स्वीकृति)नगर परिषद,किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.

क्रमांक: न.प.कि./कृषि भूमि नियमन /2025/106 **आपत्ति विज्ञप्ति** दिनांक: 21/4/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमियों पर बसी कालोनियों में निम्न भूखण्डधारियों द्वारा आंवटन पटटा चाहने वास्ते आवेदन पेश किया है, इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तिया / कारण / विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें, अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं आवेदक के पक्ष में भूमि आवंटन पटटा जारी कर दिया जावेगा।

क्र.सं.	प्रार्थी का नाम	खसरा संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल वर्गगज
4.	श्रीमती लता गुप्ता पत्नि श्री मधुर प्रकाश वार्ष्णेय	698 व 700/2	30	200.00 वर्गगज

क्रमांक/न.प.कि/कृषि-भूमि नियमन /2025/107-108

आयुक्त
नगर परिषद् किशनगढ दिनांक 21/04/2025

कार्यालय ग्राम पंचायत ढसूक पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांक: ग्रा.प.ढ./2025-26/11 दिनांक: 21/4/2025

ई- निविदा सूचना संख्या 01/2025-26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत काशिर के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण गांवों की रात एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जीएसटी पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं खोली जायेगी।

क्र.सं.	ग्राम पंचायत	NIB NO	UBN NO	Tender ID
1.	ढसूक	ZAJ2526A0040	ZAJ2526SLRC00040	2025_PRD_460636_1

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ढसूक
पं.स. अरांई(अजमेर)

प्रशासक
ग्राम पंचायत ढसूक
पं.स. अरांई(अजमेर)

आतिशबाजी से फुंका सुशीला किन्नर का आशियाना

अजमेर, (कासं)। तीर्थ नगरी पुष्कर में बीती रात देवनगर रोड बायली स्थित एक रिसोर्ट में शादी समारोह में हुई आतिशबाजी से लगी आग ने तांडव मचा दिया। रिसोर्ट के पास सुशीला किन्नर के मकान को आग ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसका आशियाना जलकर राख हो गया।

सोमवार को सुशीला किन्नर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी वंदिता राणा को रो-रोकर आपबीती सुनाई और रिसोर्ट मालिक के खिलाफ कार्यवाही करने सहित रिसोर्ट प्रबंधन से मुआवजे की मांग की।

पीडित् सुशीला किन्नर ने सोमवार को एसपी वंदिता राणा से मुलाकात कर आपबीती बताते हुए कहा कि वह एक बेसहारा किन्नर हैं। अल सुबह करीब 4:40 बजे रिसोर्ट में शादी समारोह के दौरान पटाखे और रॉकेट चलाए गए, इसी बीच एक रॉकेट उनके घर की फूस की छत पर आ गिरा जिससे आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखा कीमती सामान, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बिस्तर, अनाज, चारा और ज्वेलरी आदि पूरी तरह जलकर राख हो गए।

नुकसान की अनुमानित राशि लगभग तीन लाख रुपए बताई जा रही है। रिसोर्ट मालिक से मुआवजे की मांग : पीडित् सुशीला किन्नर ने आरोप लगाया कि रिसोर्ट प्रबंधन द्वारा सुरक्षा के कोई उचित इंतजाम नहीं है और न ही अग्निशमन संबंधी कोई संसाधन मौजूद था। आग लगने पर नगर परिषद की दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया।

सुशीला का कहना है कि रिसोर्ट के पास फायर एनओसी सहित अन्य वैध स्वीकृतियां भी नहीं हैं, जबकि यह क्षेत्र आवासीय घोषित है। सुशीला ने कहा कि उसकी जीवन भर की कमाई अग्नि में स्वाह हो गई है। पुलिस थाना पुष्कर में रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही सहित उचित मुआवजे दिलाया जाए।

जागरूकता शिविर का आयोजन

ब्यावर (निसं) तालुका विधिक सेवा समिति ब्यावर, हार्टफुलनेस संस्था तथा सामाजिक आवाम व विकास संस्था के संयुक्त तत्वावधान में राज.उ.मा.विद्यालय, जवाजा में योग व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

हार्टफुलनेस संस्था के प्रतिनिधि हनुत सिंह ने उपस्थित ठामीणजन व विद्यार्थियों को ध्यान के फायदों के बारें विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि वर्तमान तनावठास्त जीवनशैली के कारण हमें विभिन्न मानसिक व शारीरिक समस्यों व रोगों का सामना करना पड़ा रहा है, जिसका समाधान हम ध्यान से कर सकते हैं।

ध्यान प्रशिक्षक रमेश डेटानी द्वारा उपस्थितजन को विभिन्न ध्यान क्रियाएं करवाकर लाभान्वित किया गया। अधिकार मित्र संजय सिंह गहलोत द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत, बाल विवाह निषेध अधिनियम व अन्य कानूनी जानकारी दी गई। विद्यालय प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रजापति द्वारा आयोजन के लिए धन्यवाद दिया गया।

बाल कल्याण समिति का निरीक्षण

अजमेर । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार ढ़ाबी द्वारा बाल सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा मूलभूत सुविधाओं से लेकर गृहों के संचालन का जायजा लिया गया। सम्प्रेषण गृह में डाइट चार्ट एवं बच्चों को नाश्ते, लंच एवं डिनर के लिए भोजन चार्ट की व्यवस्था है। बच्चों के लिए रोजमर्रा की आवश्यकताओं की सभी वस्तुएं मौजूद थी। गर्मी से बचाव के लिए गृह में डेजर्ट कुलर की व्यवस्था है। सदन में परिसर, रसोईघर, शौचालय, स्नानागार में साफ-सफाई की व्यवस्था उचित है। सम्प्रेषण गृह में साप्ताहिक रूप से चिकित्सक विजिट होती है। साथ ही सम्प्रेषण गृह में काउसंलिग हेतु परामर्शदाता भी उपस्थित है। सचिव द्वारा गृह में खाद्य वस्तुए एव जल भण्डारण की व्यवस्था के निर्देश दिए गए एवं विधि से संघर्षरत बालक, सरंक्षित बालक एवं 6 माह में पुर्नवासित बालकों के विवरण की जांच की। गृह में बालकों को कौशल प्रशिक्षण भी दिया जाता है। वर्तमान मे सम्प्रेषण गृह में कुल 35 बालक आवासरत है।

साथ ही सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार ढ़ाबी द्वारा बाल कल्याण समिति, अजमेर का निरीक्षण किया गया। मूलभूत सुविधाओं से लेकर गृहों के संचालन का जायजा लिया गया। बाल कल्याण समिति की कार्यशैली एवं वर्तमान में किए जा रहे कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान बाल-बालिकाओं की पत्रावलियों का अवलोकन कर विशेष मामलों पर विचार-विमर्श किया गया ।

निजी आय का स्त्रोत बना आसींद का महावीर विश्रांति गृह

आसींद । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास मरीजों के परिजनों को निशुल्क ठहरने की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सरकारी अनुदान से निर्मित महावीर विश्रांतिगृह अब निजी आय का स्त्रोत बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों और नगर पालिका पार्षद सत्येंद्र सिंह ने ट्रस्ट पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि विश्रांति भवन का उपयोग शादी-ब्याह जैसे व्यावसायिक आयोजनों के लिए किया जा रहा है, जिससे मरीजों के जरूरतमंद परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, आसींद कस्बे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नजदीक सरकार द्वारा मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को रात्रि विश्राम के लिए एक विश्रांति भवन का निर्माण करवाया गया था। इसका उद्देश्य दूर-दराज से आने वाले गरीब परिवारों को मुफ्त में ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराना था, ताकि उन्हें इलाज के दौरान आर्थिक बोझ का सामना न करना पड़े। हालांकि, अब स्थिति बिल्कुल विपरीत है। नगर पालिका के पार्षद सत्येंद्र सिंह ने खुलकर आरोप लगाया है कि विश्रांति गृह के ट्रस्टी भवन का व्यावसायिक उपयोग कर रहे हैं और इससे लाखों रुपए की आय अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भवन को शादी-ब्याह और अन्य व्यावसायिक आयोजनों के लिए किराए पर दिया जा रहा है, जबकि यह मरीजों के परिजनों के लिए निशुल्क आवास की व्यवस्था के लिए बनाया गया था। ट्रस्ट द्वारा विश्रांति गृह की दुकानों को अवैध रूप से किराए पर दिया गया है और उससे भी आय प्राप्त की जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब यह भवन सरकारी अनुदान से बना है और इसका उद्देश्य मरीजों के परिजनों की सेवा करना है, तो ट्रस्ट किस अधिकार से इसका व्यावसायिक उपयोग कर रहा है स्थानीय लोगों में भी इस बात को लेकर गहरा रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि जब किसी गरीब परिवार को अपने मरीज के साथ रुकने की आवश्यकता होती है, तो उन्हें या तो जगह नहीं मिलती या फिर उनसे भी शुल्क की मांग की जाती है।

जबकि, दूसरी ओर भवन में भव्य शादी समारोह और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि ट्रस्ट अपने मूल उद्देश्य से भटक गया है।इस पूरे मामले पर जब संबंधित ट्रस्ट के पदाधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे बात नहीं हो पाई।सरकारी अनुदान से बने विश्रांति गृह के इस तरह से व्यावसायिक उपयोग और मरीजों के परिजनों के लिए उपलब्ध सुविधा के दुरुपयोग का मामला गंभीर है। स्थानीय लोगों और पार्षद सत्येंद्र सिंह ने जिला प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि विश्रांति गृह का मूल उद्देश्य बना रहे और जरूरतमंद मरीजों के परिजनों को इसका लाभ मिल सके। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस गंभीर आरोप पर क्या कदम उठाता है और कब तक मरीजों के हक में इस विश्रांति गृह को वापस दिलाया जाता है।

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 5 लाख की ठगी

अजमेर, (कासं)। डिजिटल क्रांति में अब डिजिटल अरेस्ट के नाम पर साइबर ठगों द्वारा वारदात अंजाम दी जा रही है। ऐसा ही एक मामला अजमेर में सामने आया है। साइबर ठगों ने उत्तर प्रदेश के एक प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर करीब 5 लाख रुपए की ठगी की थी। अजमेर जिला साइबर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है, जिसने अपना बैंक खाता और सिम साइबर ठगों को बेचा था। जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि 24 जनवरी को अनुराग पुत्र अवध किशोर निवासी कानपुर (यूपी) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 18 नवंबर 2024 को अनुराग को एक अज्ञात कॉल आया जिसमें कॉलर ने खुद को बीएचईएल कंपनी का प्रतिनिधि बताया और कहा कि उसके नाम से मुम्बई से चीन भेजे गए पार्सल में मादक पदार्थ मिला है। इसके बाद अनुराग को सीबीआई एजेंसी का हवाला देकर मानसिक दबाव में रखा गया और कहा गया कि वह डिजिटल अरेस्ट में है।

एसपी राणा ने बताया कि साइबर ठगों द्वारा दस दिनों तक डराकर पीडित् से विभिन्न बैंक खातों में 5,18,966 रुपए ट्रांसफर करवा लिए गए। मुकदमा दर्ज होने के बाद जांच में साइबर पोर्टल 1930 की रिपोर्ट और बैंक ट्रांजेक्शन का विश्लेषण किया गया। जिन खातों में पैसे गए थे, उनकी जानकारी संबंधित बैंकों से केवाईसी दस्तावेजों के माध्यम से जुटाई गई।

कार्यालय ग्राम पंचायत काशिर पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांक: ग्रा.प.का/2025-26/17 दिनांक: 21/4/2025

ई- निविदा सूचना संख्या 02/2025-26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत काशिर के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण गांवों की रात एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जीएसटी पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं खोली जायेगी।

क्र.सं.	ग्राम पंचायत	NIB NO	UBN NO	Tender ID
1.	काशिर	ZAJ2526A0038	ZAJ2526SLRC00038	2025_PRD_460595_1

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत काशिर
पं.स. अरांई(अजमेर)

प्रशासक
ग्राम पंचायत काशिर
पं.स. अरांई(अजमेर)

जन्मोत्सव पर मध्य-प्रदेश दर्शन यात्रा

ब्यावर (निसं)।में संत शिरोमणि सेन महाराज का 725 वां जन्मोत्सव 25 अप्रेल को धुमधाम से मनाया जाऐगा ।

श्री मारू सेन समाज के सदस्यों का यात्रा संघ 23अप्रेल को 200 से अधिक संख्या में समाज बंधु, माता बहनें, युवा वर्ग संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जन्मभूमि बांधवगढ़ उमरिया मध्य-प्रदेश के लिऐ ट्रैन द्वारा जाऐगे ।

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक / नियमन /25-26/848 आम सूचना दिनांक 21 APR 2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है श्री राहुल तुसिया पुत्र श्री दिलीप कुमार उर्फ गजेन्द्र तुसिया निवासी शाहपुरा मालियान चौराहा मार्ग, ब्यावर ने राजस्व ग्राम सेदरिया के खसरा नम्बर 654/04 में स्थित भीमा नगर के भूखण्ड संख्या 01 क्षेत्रफल 264.43 वर्गगज व भूखण्ड संख्या 02 कुल क्षेत्रफल 175.77 वर्गगज भूमि का वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन किया गया है। अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर-भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नही होगी।

सीमायें (साईट प्लान के अनुसार)

भूखण्ड संख्या 01 – पूर्व : रोड 30 फीट, पश्चिम : रोड 70 फीट, उत्तर : रोड 30 फीट, दक्षिण : प्लाट नं. 02

भूखण्ड संख्या 02 – पूर्व : रोड 30 फीट, पश्चिम : रोड 70 फीट उत्तर: प्लाट नं. 01, दक्षिण : रोड 70 फीट

आयुक्त – नगर परिषद, ब्यावर

अजमेर में पंचकल्याणक महोत्सव मनाया गया



उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा व विधायक अनीता भदेल ने लिया महाराज सा का आशीर्वाद दिया।

अजमेर । जैसवाल जैन समाज द्वारा निर्मित श्री जिनशासन तीर्थ क्षेत्र अजयनगर अजमेर में रविवार से पंचकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस ऐतिहासिक आध्यात्मिक आयोजन में देशभर से धर्मानुरागी बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं।

41 साधु-साध्वियों के दिव्य सान्निध्य में चल रहे महोत्सव की शुरुआत अत्यंत भव्य और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रही। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा एवं विधायक अनिता भदेल ने महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। पंचकल्याणक महोत्सव में सोमवार को आचार्यश्री वसुंनदी महाराज का मंगल प्रवचन हुआ।

इसमें उन्होंने तीर्थंकरों के जीवन चरित्र और पंचकल्याणक की महत्ता पर प्रकाश डाला। सौधर्म इन्द्र द्वारा अयोध्या नगरी की प्रदक्षिणा, इन्द्राणी का तीर्थंकर बालक को लाना एवं सौधर्म द्वारा दर्शन की सजीव झांकी प्रस्तुत की गई। इसमें उपस्थित श्रद्धालुओं को आत्मविभोर कर दिया । राज्य के उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा एवं विधायक भदेल ने लिया आचार्य श्री से आशीर्वाद- इस पुण्य अवसर पर राजस्थान सरकार के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

उन्होंने आचार्य वसुंनदी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर जैन धर्म के तप, त्याग और अहिंसा के मूल्यों की सराहना की। डॉ बैरवा ने श्री जिनशासन तीर्थ क्षेत्र के निर्माण और आयोजन को समाज के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बताया तथा जैसवाल जैन समाज को इस भव्य महोत्सव के आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि महाराज के प्रवचनों से जीवन में आध्यात्मिकता की वृद्धि होगी। साथ ही समस्त धर्म प्रेमियों के मन शुद्ध होंगे। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने आचार्य श्री वसुंनदी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर स्वयं को धन्य माना, उन्होंने कहा कि महाराज का आगमन समस्त अजमेर के लिए सौभाग्यशाली होगा। इनके आगमन से इस भूमि की पवित्रता में बढ़ोत्तरी होगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत दादीया पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांक: ग्रा.प.दा/2025-26/34 दिनांक: 21/4/2025

ई- निविदा सूचना संख्या 01/2025-26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत काशिर के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण गांवों की रात एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जीएसटी पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं खोली जायेगी।

क्र.सं.	ग्राम पंचायत	NIB NO	UBN NO	Tender ID
1.	दादीया	ZAJ2526A0037	ZAJ2526SLRC00037	2025_PRD_460601_1

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत दादिया
पं.स. अरांई(अजमेर)

प्रशासक
ग्राम पंचायत दादिया
पं.स. अरांई(अजमेर)

कार्यालय ग्राम पंचायत ललाणां कलां पंचायत समिति परबतसर

क्रमांक: ग्राप/2025-26/04 (डीडवाना-कुचामन) दिनांक: 9/4/2025

खुली निविदा सूचना संख्या 01(वित्तीय वर्ष 2025-26)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26(31.03.2026 तक) के लिये घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नालियों की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य विवरण राजस्थान लोक उपापन पोर्टल sppp.rajasthan.gov.in पर एवं कार्यालय में देखा जा सकता है।

NIB NO. ZNR2526A0102 UBN No. ZNR2526SSOB00139

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ललाणां कलां
पं.स. परबतसर, नागौर

सरपंच
ग्राम पंचायत ललाणां कलां
पं.स. परबतसर, नागौर

कार्यालय ग्राम पंचायत पीलवा पंचायत समिति परबतसर

क्रमांक: ग्राप/2025-26/15 (डीडवाना-कुचामन) दिनांक: 15/4/2025

ई-निविदा सूचना 01/2025-26)

ग्राम पंचायत पीलवा पंचायत समिति परबतसर के लिये वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाऐं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB NO. ZNR2526A0114 UBN No. ZNR2526G2RC00147

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पीलवा
पं.स. परबतसर, नागौर

सरपंच
ग्राम पंचायत पीलवा
पं.स. परबतसर, नागौर